## मौत पर उठे सवाल, पति ने मुरारी सोनी पर लगाए गंभीर आरोप

# पंचायत भवन में महिला ने लगाई फांसी




शहडोल। जिले के बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत केशवाही चौकी के ग्राम पंचायत बलबहरा में 32 वर्षीय विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला का शव पंचायत भवन के अंदर फंदे के साथ जमीन पर पड़ा मिला। घटना के बाद दोनों पक्षों के परिजनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया, जिससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ग्राम पंचायत बलबहरा में मोबिलाइजर के पद पर कार्यरत थी महिला

### मायके पक्ष ने भी जताई हत्या की आशंका, पुलिस कर रही जांच

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका ग्राम पंचायत बलबहरा में मोबिलाइजर के पद पर कार्यरत थी। बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह रोज की तरह पंचायत भवन अपने काम के लिए गई थी। दोपहर करीब ढाई बजे जब उसका पति उसे लेने पंचायत भवन पहुंचा तो अंदर का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गया। पंचायत भवन के अंदर महिला जमीन पर पड़ी हुई थी और उसके गले में फंदा लिपटा हुआ था। बताया जा रहा है कि फंदा टूटा हुआ था और महिला का शव नीचे जमीन पर पड़ा मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। केशवाही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार भेज दिया गया। इस मामले में मृत महिला के पति ने ग्राम बलबहरा निवासी मुरारी सोनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पति का कहना है कि उसकी पत्नी को बदनाम करने की साजिश रची गई थी और उसी साजिश के कारण यह घटना हुई है। उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की मौत के पीछे मुरारी सोनी का हाथ हो सकता है और मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

वहीं दूसरी ओर मृतिका के मायके पक्ष ने भी अलग आरोप लगाए हैं। मृतिका के पिता ने कहा कि उनकी बेटी की हत्या की गई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि सच्चाई सामने लाने के लिए पुलिस को सभी पहलुओं की गहन जांच करनी चाहिए। बताया जाता है कि जब मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार लाया गया तो, वहां दोनों पक्षों के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा और कुछ समय के लिए माहौल काफी गमगीन और तनावपूर्ण बना रहा।

स्थिति को देखते हुए बुढार थाना प्रभारी विनय सिंह अहिरवार अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश देकर माहौल शांत कराया। और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल सबसे पहले शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। इसके साथ ही दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे और घटना से जुड़े सभी तथ्यों की जांच की जाएगी। केशवाही चौकी पुलिस के अनुसार मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और यदि जांच में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।







पुलिस ने दोनों पक्षों को संयम बरतने की सलाह दी

## गोवंश तस्करी मामले में आरोपी की जमानत खारिज

धनपुरी/बुढार। गोवंश तस्करी के गंभीर मामले में अपर सत्र न्यायालय बुढार ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल की अदालत ने आरोपी असार अंसारी निवासी बुढार की जमानत याचिका को निरस्त करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि इस प्रकार के अपराध समाज में असंतुलन पैदा करते हैं और इनके प्रति सख्ती आवश्यक है।

प्रकरण में अपर लोक अभियोजक अधिवक्ता आलोक राय ने अदालत के समक्ष तथ्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि थाना धनपुरी में अपराध क्रमांक 28/26 के तहत धारा 325, 3(5) बीएनएस, 4/9 मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा 25(2) आयुध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

**न्यायालय ने दिया कड़ा संदेश, ऐसे अपराधों पर सख्ती जरूरी**

अभियोजन के अनुसार 3 फरवरी 2026 की रात नीलकंठ मंदिर के पीछे बरसिया झाड़ी के पास कुछ लोग गाय का वध कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगे। पुलिस ने आरोपी असार अंसारी को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि गाय को रस्सी से बांधकर उसका गला काटा गया था। पुलिस ने मौके से रस्सी, लोहे का बका तथा गाय के कटे हुए अंग जब्त किए, जिन्हें प्लास्टिक के डिब्बों और बोरी में रखा गया था।

जमानत पर सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने जमानत का जोरदार विरोध करते हुए अदालत को बताया कि वर्तमान में कुछ लोग सडक़ों पर घूम रहे मवेशियों को बिना अनुमति अपने कब्जे में लेकर अवैध रूप से उनका वध कर रहे हैं और गोमांस का परिवहन व विक्रय करते हैं। ऐसे कृत्य समाज के सामाजिक संतुलन को बिगाडऩे वाले हैं। अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए अपर सत्र न्यायालय बुढार ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायालय के इस निर्णय को क्षेत्र में एक सख्त और सराहनीय कदम माना जा रहा है। विधि विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई ही अपराधियों के लिए प्रभावी संदेश बनती है। कानूनी जानकारों के अनुसार, अदालत का यह आदेश दर्शाता है कि गोवंश से जुड़े अपराधों को लेकर न्यायालय गंभीर है और कानून के दायरे में रहते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जैतपुर में कांग्रेस की सर्जिकल स्ट्राइक

### वार्ड स्तर पर किलेबंदी शुरू, सह-प्रभारी ने खुद संभाली कमान

शहडोल । आगामी चुनावों की रणभेरी बजने से पहले ही कांग्रेस ने जिले में अपनी सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। जैतपुर विधानसभा के बुढ़ार में आयोजित कांग्रेस की समीक्षा बैठक महज एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर पुनर्जीवित करने का शक्ति प्रदर्शन साबित हुई। राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि अब राजनीति केवल मंचों से नहीं, बल्कि वार्डों और पंचायतों की गलियों से चलेगी।

### ड्राइंग रूम की राजनीति छोड़ मैदान में उतरे दिग्गज

दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे डॉ. यादव ने दो टूक शब्दों में संदेश दिया कि कागजी कमेटियों का दौर खत्म हो चुका है। बैठक में प्रभारी नारायण सिंह पट्टा और जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की मौजूदगी में ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों की क्लास ली गई। डॉ. यादव ने न केवल समीक्षा की, बल्कि खुद धनपुरी के वार्ड क्रमांक 20 पहुंचकर पसीना बहाया और मौके पर ही वार्ड कमेटी का गठन कर भाजपाइयों के कान खड़े कर दिए। यहाँ सर्वसम्मति से एडवोकेट प्रदीप वर्मन को वार्ड अध्यक्ष और नेहा खान को महिला नेतृत्व की कमान सौंपकर कांग्रेस ने कानून और नारी शक्ति के कॉम्बो पर दांव खेला है।




### स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

इससे पहले, जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी और ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह की अगुवाई में डॉ. यादव का भव्य स्वागत किया गया। बैठक में प्रदीप सिंह, बलमीत सिंह खनूजा और युवा तुर्क अनुपम गौतम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया। रणनीतिकारों का मानना है कि जैतपुर और जयसिंहनगर के बेल्ट में कांग्रेस इस बार कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहती। कांग्रेस अब वार्ड स्तर पर वन-टू-वन की रणनीति अपना रही है। यदि यही आक्रामकता बनी रही, तो विरोधियों के लिए अपने गढ़ बचाना मुश्किल होगा। बैठक में मनोज सिंह, नरेंद्र मरावी, पुष्पेंद्र शर्मा और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी कि अब लड़ाई आर-पार की होगी।

## कबड्डी के पाले में शहडोल की हुंकार विधायक ने खिलाड़ियों में भरा जोश





### मैदान-ए-जंग में उतरे ग्रामीण सितारे

**शहडोल। स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता ने जिले के खेल गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। ग्रामीण अंचलों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए आयोजित इस महाकुंभ में बालक और बालिका वर्ग के खिलाडिय़ों ने कबड्डी के पाले में अपनी ताकत और चपलता का लोहा मनवाया।**



### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विजन को जमीन पर उतारने की कोशिश

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से स्पष्ट कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन और एकाग्रता का पर्याय हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खेलो एमपी अभियान का हवाला देते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना शासन की प्राथमिकता है। विधायक ने खिलाडिय़ों को हार-जीत के भय से मुक्त होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का मंत्र दिया।

### नॉक-आउट राउंड: करो या मरो की स्थिति

जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने बताया कि पारंपरिक खेलों को संजीवनी देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बालक वर्ग की 8 और बालिका वर्ग की 4 टीमों के बीच नॉक-आउट पद्धति से मुकाबला हो रहा है, जहां एक भी चूक सीधे टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाएगी। मैदान पर पहला मुकाबला जनपद पंचायत जयसिंहनगर और पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय की बालिकाओं के बीच हुआ, जिसमें कांटे की टक्कर देखने को मिली।

### विजेताओं पर होगी इनामों की बौछार

प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए जिला प्रशासन ने खजाना खोल दिया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21,000 रुपये, उपविजेता को 11,000 रुपये और तीसरे स्थान की टीम को 5,100 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम में अतिरिक्त सीईओ मुद्रिका सिंह, संजय पाण्डेय और जिला खेल अधिकारी रामरुद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि शहडोल की मिट्टी में कबड्डी का जूनून आज भी बरकरार है।

## सुस्त रफ्तार छोड़ें, आयुष सेवाओं में लाएं विस्तार: कलेक्टर



शहडोल। जिले की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और सरकारी ढर्रे को पटरी पर लाने के लिए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कड़े तेवर अख्तियार कर लिए हैं। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कर दिया कि आयुष सेवाओं को केवल फाइलों तक सीमित न रखें, बल्कि इसका विस्तार जमीन पर दिखना चाहिए।

अस्पताल की बीमारी का होगा इलाज

बैठक में कलेक्टर ने अस्पताल की बदहाली पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को अस्पताल परिसर में सीवेज चैंबर और बोरवेल की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। बरसात में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए फिलिंग, लेवलिंग और पेवर ब्लॉक्स लगाने का काम युद्ध स्तर पर करने को कहा गया है। मरीजों की सुविधाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसीलिए डीएमएफ मद से 1 लाख रुपये की राशि तत्काल स्वीकृत करते हुए हीमोग्लोबिन टेस्टिंग किट, फायर फाइटिंग सिस्टम और चलने में असक्षम मरीजों के लिए वॉकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**पंचकर्म में बिजली गुल नहीं चलेगी, दान में आएगा वाटर कूलर**

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि पंचकर्म जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा के दौरान विद्युत बाधा को रोकने के लिए तुरंत इन्वर्टर सेट लगाया जाए। वहीं, गर्मी में मरीजों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए एक वाटर कूलर दान स्वरूप उपलब्ध कराने की बात कही गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशि प्रभा पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान में 30 बिस्तरों वाले इस अस्पताल की औसत ओपीडी 70 है, जिसे कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव बढ़ाकर और योग-प्राणायाम जैसी गतिविधियों से और अधिक प्रभावी बनाने का अल्टीमेटम दिया है। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.आयशा मिश्रा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार के खिलाफ सडक़ों पर उतरे ड्राइवर



धनपुरी/बुढ़ार। प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ ड्राइवर महासंघ ने आर-पार की जंग छेड़ दी है। अमरकंटक से शुरू हुई यह पदयात्रा जब धनपुरी चौराहे पहुंची, तो कांग्रेसियों ने कदमताल कर सरकार को सीधी चुनौती दी। द्वारिका प्रसाद दुबे के नेतृत्व और रामराज तिवारी के संरक्षण में निकली यह यात्रा 8 अप्रैल को भोपाल में दस्तक देगी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह, इंटक नेता रामसजीवन शर्मा और अनिल त्रिपाठी सहित दर्जनों नेताओं ने यात्रियों का माल्यार्पण कर जोश भरा। धनपुरी से कॉलेज तिराहे तक कांग्रेसियों ने पदयात्रियों के साथ चलकर यह साफ कर दिया कि ड्राइवरों की इस लड़ाई में वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। स्थानीय नेताओं ने दो टूक कहा कि सरकार की तानाशाही अब और नहीं चलेगी।

### भारत मंडपम में गूंजेगी नगर की धमक, नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी



शहडोल। शहडोल की नारी शक्ति अब देश की राजधानी में अपनी सफलता का परचम लहराने को तैयार है। भारत सरकार द्वारा 13 मार्च को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले अमृत मित्र महोत्सव के लिए शहडोल नगर पालिका की 5 जांबाज महिलाओं का चयन किया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी ने चयनित महिलाओं को यूनिफॉर्म प्रदान कर दिल्ली के लिए रवाना किया।

### राष्ट्रीय मंच पर साझा होगा शहडोल का नवाचार

अमृत 2.0 योजना के तहत शहडोल की ये अमृत मित्र महिलाएं केवल नाम की नहीं, बल्कि काम की मिसाल बन चुकी हैं। वोमेन फॉर ट्रीज अभियान हो, जल गुणवत्ता का कड़ा परीक्षण हो या विवेकानंद पार्क का कायाकल्प—नगर की 25 महिलाओं ने 11 स्व-सहायता समूहों के जरिए विकास का नया मॉडल खड़ा किया है। अब यही महिलाएं दिल्ली में देश भर से आए प्रतिनिधियों के सामने शहडोल के अनुभवों और सफलताओं का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगी।

### सिर्फ रस्म नहीं, सशक्तिकरण का शंखनाद

नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने इन महिलाओं के हौसले की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास में इनका योगदान सराहनीय है। स्थानीय स्तर पर स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली ये महिलाएं अब राष्ट्रीय स्तर पर नगर का मान बढ़ाएंगी। यह आयोजन साबित करेगा कि अगर सही अवसर मिले, तो शहडोल की गलियों से निकलकर महिलाएं देश की नीति-निर्धारण में भी अपना प्रभाव छोड़ सकती हैं।

### 24 घंटे में बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

शहडोल। शहर में बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों पर नकेल कसते हुए सोहागपुर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर चोरी गई दो मोटरसाइकिलों को बरामद कर एक अपचारी बालक को अपनी गिरफ्त में लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के वाहन चोरों में हडक़ंप मच गया है।

**मुखबिर के जाल में फंसा चोर**

बीती 10 मार्च को पटासी निवासी रविशंकर जायसवाल और बाणगंगा के दिलीप मिश्रा ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय ने तत्काल टीम गठित कर मुखबिरों को सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध अपचारी बालक को घेराबंदी कर दबोचा। सघन पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने गाडिय़ां कोटमा रोड स्थित टांकी नाला के पास झाडिय़ों में छिपा रखी थीं। 1 लाख का माल बरामद, पुलिस की मुस्तैदी की चर्चा पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर झाडिय़ों से लगभग 1 लाख रुपये कीमत की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर ली हैं।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेला का हुआ समापन

## प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को दी गई हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी





उमरिया। जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेला का समापन हुआ।समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों का कल्याण करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित कर खेती को लाभ का धंधा बनाने और किसानों की आय आय बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं और गतिविधियां संचालित की गई हैं , जिसका लाभ भी किसानों को मिल रहा है और वे खेती को लाभ का धंधा बना रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय मेले में जिले भर के किसानों का एक छत के नीचे समागम हुआ है । मेले के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों व्दारा खेती किसानी करने के तरीकों को विस्तार से बताया गया है। किसान परंपरागत खेती से हटकर नई नई पध्दतियों से खेती करें जिससे किसान को कम लागत आएगी और अधिक उत्पादन होगा। कार्यक्रम को कमलेश गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने संबोधित किया।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों व्दारा किसानों को खेती किसानी के तौर तरीके, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण आदि की जानकारी प्रदाय की गई । कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत आयोजित मेले में हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर पशु पालन विभाग व्दारा दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान अंतर्गत हितग्राहियों के चयन, योजना का स्वरूप,इकाई लागत,अनुदान राशि,पशुओं का चयन,आवेदन प्रक्रिया,पशु धन बीमा योजना, आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना,समुन्नत पशु प्रजनन कार्यक्रम योजना, कृषि विभाग व्दारा सुपरसीडर,जीरो टिल सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल,कटर यंत्र,उद्यानिकी विभाग व्दारा पीएम एफएमई ,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, महिला बाल विकास विभाग व्दारा बेटी बचाओ , बेटी पढाओ, वन स्टॉप सेंटर सखी, साईबर क्राइम, के साथ ही झटका मशीन , सप्रिंकलर,पाईपलाईन तथा स्व सहायता समूह कि महिलाओं व्दारा प्राकृतिक खेती उत्पाद,प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अवलोकन किसानों व्दारा किया गया।

कार्यक्रम में जय धरती माता भरौला के उमेश राय एवं उनकी टीम व्दारा किसानों पर आधारित कृषि गीत की प्रस्तुत दी गई । इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य मानपुर धानू प्रताप सिंह, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ,सहायक यंत्री कृषि अभियांत्रिकीय मेघा पटले , सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला उमरिया के निर्देशन में सेक्टर क्रमांक 4 चंदिया में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम व्यास धाम सेवा समिति के सौजन्य से जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 4 चंदिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत में प्रस्फुटन समितियों के गठन,उनकी भूमिका और कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में समितियों की भूमिका पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन और शादी की सालगिरह को यादगार बनाने के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परामर्शदाता राघवेंद्र द्विवेदी ने प्रशिक्षणार्थियों को शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं और निर्धारित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

## स्वास्थ्य, महिला बाल विकास , शिक्षा विभाग को आज दिया जाएगा भूकंप आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव अंतर्गत जिला स्तर पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण 14 मार्च तक स्वर्णिम गार्डन एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट, कर्णिका विहार कालोनी, उमरिया में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 12 मार्च को स्वर्णिम गार्डन एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट, कर्णिका विहार कालोनी, उमरिया में समय प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। उन्होने अधिकारियो, कर्मचारियो से कहा है कि अनिवार्य रूप से नियत तिथि व समय में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

## रंग पंचमी को शिवमंदिर में हुआ फाग गीत



**कोतमा।** हर वर्ष की भाति इस बर्ष भी विकास नगर वार्ड 10 निवासी अखिलेश नामदेव के भगवान शिव मंदिर में महिला मण्डल द्वारा काग गीत का आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या में महिलाये उपस्थित रही एक दूसरो को रंग गुलाल लगाकर होली रंगपंचमी की शुभकामनाने एवं बधाई दी उसके पश्यात प्रसाद का वितरण किया गया।

# गैस की कीमतों में पड़ा युद्ध का असर, किल्लत का करना पड़ रहा सामना

**कोतमा।** पिछले 10 दिनों से मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच लगातार चल रहे युद्ध का असर गैस की कीमतों में पड़ा है। नगर में भी दामों की बढ़ोतरी सहित किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोलियम कंपनी ने रसोई एवं व्यवसायिक गैस के दामों में बढ़ोतरी की है जहां रसोई गैस में 60 रुपए के दाम बढ़े हैं तो दूसरी ओर कमर्शियल में 143 रुपए का असर हुआ है। बढ़े दामों के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस के लिए हफ्तों लाइन में लगना पड़ रहा है। नगर में अब घरेलू गैस के लिए 936 रुपए देने पड़ रहे है जो पहले 876 रुपए था। इसी प्रकार कमर्शियल गैस 2149 रुपए का हो गया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बढ़ोतरी त्यौहार के समय अतिरिक्त बोझ बनकर सामने आई है। जिससे हर घर की रसोई का बजट बिगड़ेगा। जानकारों की माने तो यदि युद्ध जल्द समाप्त नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में डीजल और पेट्रोल के दाम भी बढ़ेंगे जिससे परिवहन के दामों में भी बढ़ सकते हैं जिससे प्रत्येक वस्तुओं की कीमतों में तेजी आने की संभावना रहेगी।



वार्ड 2 निवासी मोनिका जैन का कहना है कि 22 फरवरी को गैस की बुकिंग कराए जाने के बाद भी 9 मार्च तक गैस नहीं मिल सका। कई बार ऑफिस का चक्कर काटना पड़ रहा है। नगर के वार्ड नंबर 5 निवासी हिमांशु जायसवाल पिछले 2 दिनों से गैस के लिए ऑफिस आकर भटक रहे हैं। सर्वर डाउन एवं नए नियमों के कारण ओटीपी आने में मुश्किल होने की बात कही है। जमुना कॉलरी 12 किलोमीटर दूर से आई मुमताज बेगम दोपहर 12 बजे से पूरे दिन लाइन में लग़ने के बाद शाम 5 बजे निराश होकर वापस लौट गई। रमजान के महीने में सारा काम छोड़कर घर से आई थी। उज्जवला योजना का कनेक्शन है। सर्वर डाउन बताकर पूरे दिन धूप में बैठाया गया। कोतमा निवासी अनिल गुप्ता पिछले एक सप्ताह से गैस के लिए भटक रहे हैं। बुकिंग एवं ओटीपी के चक्कर गैस ऑफिस के चक्कर लगाना पड़ रहा है। बिना ओटीपी गैस नहीं दी जा रही है। गैस के लिए उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को लेकर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अलका पटेल का कहना है कि सभी कंपनी के अधिकारियों से बराबर बात की जा रही है। एजेंसी संचालकों को समय से उपभोक्ताओं को गैस प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# राज्य सम्मेलन आयोजन हेतु प्रगतिशील लेखक संघ की बैठक सम्पन्न



**कोतमा।** प्रगतिशील लेखक संघ का माह जून माह के 12, 13 एवं 14 को कोतमा नगर में होने वाले राज्य सम्मेलन में पूरे प्रदेश भर से लेखकगण शामिल होंगे। सफल आयोजन हेतु संरक्षक मण्डल एवं कार्य संपादन हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर घोषणा की गई। प्रगतिशील लेखक संघ इकाई कोतमा के द्वारा सोमवार को गोविंद भवन कोतमा में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इकबाल हुसैन बोहरा, संघ के प्रांतीय सचिव तरुण गुहा नियोगी, शिवकुमार सिंह, देवेश प्रताप सिंह गहरवार, अनूपपुर इकाई के अध्यक्ष गिरीश पटेल एवं अधिवक्ता वीरेंद्र सोनी उपस्थित रहें। प्रगतिशील लेखक संघ इकाई द्वारा बताया गया कि आगामी 12 से 14 जून को कोतमा में प्रगतिशील लेखक संघ का 16 वाँ राज्य सम्मेलन होने जा रहा है जिसमें संघ से जुड़े पूरे मध्यप्रदेश से सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगे साथ ही यह भी बताया गया कि यह आयोजन बहुत ही बड़े स्तर पर किया जाना है इसलिए हमारे द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए संरक्षक मंडल एवं विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। सम्पूर्ण सम्मेलन का अध्यक्ष पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल को, महासचिव अधिवक्ता अमरेंद्र सिंह परिहार को एवं कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र नाहर व चंद्रशेखर सोनी को बनाया गया। संरक्षक मंडल में दादा शिवकुमार सिंह, इकबाल हुसैन बोहरा, मकबूल अहमद, राजेंद्र सिंह, देवेश प्रताप सिंह गहरवार, ऋषभ जैन चंदेरिया, एटक नेता हरिद्वार सिंह को शामिल किया गया। आवास समिति में अविनाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विनय चावड़ा, भोजन एवं जल समिति में देवेश गहरवार, अनुराधा गहरवार, सुखविंदर सिंह, मृगेंद्र सिंह, परिवहन एवं स्वागत समिति में इन्द्रपति सिंह, बिलाल हुसैन, कैलाश पाठकर, मंच एवं साज सज्जा समिति में अमरेंद्र सिंह, के.के. सोनी, सांस्कृतिक साहित्यिक समिति में यासीन खान, दादूलाल, धर्मेन्द्र मिश्रा, मीडिया समिति में संतोष मिश्रा, अमरेन्द्र सिंह, अविनाश अग्रवाल को शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित प्रगतिशील लेखक संघ के कोतमा एवं अनूपपुर इकाई के सदस्यों ने तथा समाजसेवी, व्यापारीगण, जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने विचार रखते हुए राज्य स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक के अंत में प्रगतिशील लेखक संघ कोतमा इकाई के पुरोधा दिवंगत निहार स्नातक श्रवण कुमार जैन को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त संघ के कोतमा इकाई उपाध्यक्ष अविनाश अग्रवाल ने किया। बैठक में व्यवसायी समाजसेवी विनय चावड़ा, धीरेन्द्र नाहर, रमेश कुशवाहा, मुजीबुल हक, पंकज, बिलाल हुसैन, संजय सिंह तथा अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहें।



## खबर संक्षेप

### आरसेटी उमरिया में महिला सिलाई प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**उमरिया।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत उमरिया के अंतर्गत 31 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आरसेटी निर्देशक डा.तरूण कुमार सिंह, सेवकराम सोनवानी (एलडीएम), सुखदेव झारिया (प्रबंधक- भारतीय स्टेट बैंक), श्रीमती कामना त्रिपाठी (एनआरएलएम), माधुरी शुक्ला (एनआरएलएम) एवं कृष्ण कुमार शुक्ला एवं प्रशिक्षक नसीम बानों की उपस्थिती में किया गया।
सुखदेव झारिया ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी को सतत रूप से कार्य करने के लिए कहा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवकराम सोनवानी (एलडीएम) द्वारा भी सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी शुभकामनायें दी और कहा कि आपने जो महिला सिलाई कार्य इस प्रशिक्षण में सीखा है उसे यहॉ से जाने के बाद सतत रूप से करना है। निर्देशक महोदय डा.तरूण कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा आपने जो यह 31 दिवसीय महिला सिलाई आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है एवं प्रशिक्षण के दौरान आपने जो भी कौशल सीखा है, उसे यहां से जाने के बाद आप को खूब अभ्यास व मेहनत करना है जिससे आप को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो और इसी में अपना करियर बना सकें।उन्होंने कहा इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करने के साथ ही सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### जयसिंहनगर-ब्यौहारी में कांग्रेस संगठन की सर्जरी

**शहडोल।** आगामी चुनावी बिसात बिछाने के लिए कांग्रेस ने अब ड्राइंग रूम पॉलिटिक्स को तिलांजलि देकर सीधे मैदान में मोर्चा संभाल लिया है। राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने जयसिंहनगर और ब्यौहारी विधानसभा की मैराथन बैठक में दो टूक कह दिया है कि अब केवल झंडा उठाने से काम नहीं चलेगा, कार्यकर्ताओं को जनता के चूल्हे तक पहुंचना होगा। सोहागपुर, जयसिंहनगर, गोहपारू से लेकर ब्यौहारी और बाणसागर तक के नौ ब्लॉकों की इस समीक्षा बैठक में संगठन की कमियों को सरेआम उधेड़ा गया। प्रभारी विधायक नारायण पट्टा और जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की मौजूदगी में डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि वार्ड और पंचायत कमेटियों का गठन महज कागजी खानापूर्ति नहीं होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को ललकारते हुए कहा कि गांव-गांव जाकर भाजपा की विफलताओं को उजागर करें और जनता की समस्याओं को कांग्रेस का हथियार बनाएं।विधायक नारायण पट्टा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें पार्टी का असली बारूद करार दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि रोजगार, स्वास्थ्य, पानी और किसानों की बदहाली जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को सडकों पर घेरें। वहीं, जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने संगठन में अनुशासन का चाबुक चलाते हुए ब्लॉक अध्यक्षों को हर बूथ पर सक्रिय योद्धा तैनात करने का अल्टीमेटम दिया।मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला के अनुसार, बैठक में मंडलम अध्यक्षों और ब्लॉक पदाधिकारियों ने क्षेत्रवार फीडबैक दिया, जिसमें स्थानीय जनसमस्याओं की लंबी फेहरिस्त सामने आई। कांग्रेस ने अब रणनीति बदली है—अब रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक मोड में स्थानीय समस्याओं को लेकर आंदोलन छेड़ा जाएगा। शहडोल संभाग की इन दो महत्वपूर्ण सीटों पर कांग्रेस की यह सक्रियता विरोधियों के खेमे में हलचल मचाने के लिए काफी है।

### वंश बहादुर सिंह के पिता का निधन

**ब्यौहारी।** मुदरिया क्षेत्र के प्रतिष्ठत समाजसेवी डां रामस्वरूप सिंह परिहार का 9 मार्च को सुबह निधन हो गया। वह पंडित राम किशोर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के लेखपाल वंश बहादुर सिंह, शिव बहादुर सिंह बी एसी ,समय बहादुर सिंह, उपेंद्र सिंह के पिता हैं उनके निधन पर महाविद्यालय परिवार स्टाफ, शिक्षा विभाग एवं क्षेत्र के लोगों ने शोक संवेदनायें व्यक्त की है ।

### डॉक्टर रामस्वरूप सिंह परिहार का निधन



**ब्योहारी।** ब्योहारी मुदरिया टोला वार्ड 1 निवास डॉक्टर रामस्वरूप सिंह परिहार 90 साल के लगभग का अकास्मिक निधन हो गया है।

---

उत्कृष्ट छात्राओं ने राज्य स्तरीय गतिविधियों में प्रशंसनीय सहभागिता निभाकर महाविद्यालय को किया गौरवान्वित

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय महाविद्यालय बुढार के प्रतिभावान छात्राओं तथा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी महिला प्राध्यापकों को किया गया सम्मानित



**बुढार। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार में बुधवार को गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किये जाकर महाविद्यालय की उत्कृष्ट छात्राओं जिन्होंने राज्य स्तरीय विविध गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धि अर्जित कर अपना तथा अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया जिन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया वहीं शिक्षा के क्षेत्र में बुढार महाविद्यालय के महिला प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार की प्राचार्य श्रीमती डॉ.गंगा मिश्रा की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महाविद्यालय बुढार की होनहार छात्रा-हेमा प्रजापति, राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में अव्वल रहते हुए गणतंत्र दिवस परेड भोपाल में अपनी सहभागिता निभाई जिन्हें गरिमामय कार्यक्रम के मध्य स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही आकांक्षा सिंह (एन.सी.सी.) के अमरकंटक ट्रेकिंग कैंप में चयनित होने, कोमल पटेल (एन.सी.सी.) के गणतंत्र परेड में सहभागिता निभाने तथा ज्योति सिंह (एन.सी.सी.) आर्मी कैंप में सहभागिता, तथा निधि घिनके (एन.एस.एस.) की श्रेष्ठ स्वयंसेविका व खुशी कोल (एन.एस.एस.) के राज्य स्तरीय कैंप में सहभागिता एवं दामिनी बैरागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रश्न मंच में अव्वल रहने तथा रिचा सेन राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में मूक अभिनय एवं गरिमा त्रिपाठी को युवा उत्सव राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में बुढार महाविद्यालय से प्रतिनिधित्व कर अपना तथा अपने विद्यालय को गौरवान्वित करने पर सम्मानित किया गया वहीं बुढ़ार महाविद्यालय के महिला प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों तथा अतिथि विद्वान प्राध्यापकों को गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ. गंगा मिश्रा ने सभी को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुये कहा कि- महाविद्यालय के प्राध्यापक शिक्षा की मुख्यधारा से भावी कर्णधारों को लाभान्वित कराने शासन की मंशानुरूप पूरे मनोयोग से तत्पर हैं, और बुढ़ार महाविद्यालय शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल है यह सब प्राध्यापकों के निष्ठा व लगन का प्रतिफल है। प्राचार्य डॉ. गंगा मिश्रा ने कहाकि-महाविद्यालय की होनहार छात्राओं जिन्होंने विविध राज्य स्तरीय गतिविधियों में अपनी सहभागिता निभाई वे निश्चित ही प्रशंसनीय है और इससे महाविद्यालय अति गौरवान्वित हुआ है, ऐसी छात्राओं का सम्मान करते हुये मन अत्यंत प्रफुल्लित है और वे सम्मान की वास्तविक हकदार हैं। कार्यक्रम अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए. के. उपाध्याय, डॉ. श्रीमती नागमणि मानिकपुरी, डॉ. राधेश्याम नापित, डॉ. एस. एम. प्रजापति, डॉ.आई.के. बेक, डॉ. अनुप कुमार सेन, कमलेश प्रसाद प्रजापति, डॉ. ममता द्विवेदी, श्रीमती दीपा सिंह, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, जयशंकर सिंह, दीपक पटेल, शशि मोहन सेन, श्रीमती रानी पटेल, श्रीमती रानु सोनी, डॉ. सोमा मिश्रा, के.पी. त्रिपाठी, डॉ.शाहिन परवीन, डॉ. कीर्ति जयसवाल, डॉ. नरगिस परवीन, संजय सागर प्रजापति, डॉ. पुष्पांजलि पटेल, डॉ. ऋशा मिश्रा, डॉ. रितिका सिंह, डॉ. निशिका विशनानी, श्रीमती शैल सिंह, श्रीमती प्रिया मिश्रा, सोनु चतुर्वेदी, अंजली बैगा, श्रीमती रोशनी पाण्डेय, रेखा शर्मा, डॉ. प्रभु दयाल चक्रवर्ती, डॉ. सुभाष मिश्रा, डॉ. अतुल रैकवार, डॉ. रमाकांत चौधरी, अजीत कुमार साहू, प्रवीण कुमार सेन, देवीदीन, ताहिर अली की विशिष्ट उपस्थिति रही।

---

# सोहागपुर क्षेत्र में कोयला उत्पादन को नई रफ्तार, दामिनी भूमिगत माइंस में पांचवीं सीएम मशीन का शुभारंभ



### एसईसीएल निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्रा ने किया उद्घाटन, जल्द शुरू होगा उत्पादन

**धनपुरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर क्षेत्र में कोयला उत्पादन को नई गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दामिनी भूमिगत माइंस में पांचवीं कंटीन्यूअस माइनर (सीएम) मशीन लगाने की प्रक्रिया का शुभारंभ 10 मार्च 2026 को एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्रा ने फीता काटकर किया। इस मशीन के इंस्टालेशन के साथ ही क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से कोयला उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार मार्च माह में सीएम मशीन से कोयला उत्पादन प्रारंभ होने की संभावना है।

### खदानों का किया निरीक्षण, उत्पादन और सुरक्षा पर दिया जोर

अपने दौरे के दौरान निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्र ने सोहागपुर क्षेत्र की विभिन्न खनन परियोजनाओं और चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रमुख खदानों में जाकर उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा व्यवस्था और संचालन दक्षता से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने अधिकारियों से खदानों में चल रहे कार्यों, उत्पादन लक्ष्य और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना भी उतना ही आवश्यक है।

### सोहागपुर क्षेत्र के लिए गौरव का दिन

इस अवसर पर सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जेना ने कहा कि यह दिन सोहागपुर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर मुख्यालय से निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्र का पहली बार सोहागपुर क्षेत्र आगमन हुआ है। इसके साथ ही खैरहा माइंस एसईसीएल की दूसरी एक मिलियन टन उत्पादन क्षमता वाली खदान बनी है और अब दामिनी माइंस में नई सीएम मशीन लगाने की शुरुआत हो गई है।
उन्होंने बताया कि अभी तक सोहागपुर क्षेत्र में चार सीएम मशीनें संचालित हो रही हैं—दो खैरहा माइंस में, एक बंगवार में और एक राजेंद्र भूमिगत माइंस में। अब दामिनी माइंस में पांचवीं मशीन लगाई जा रही है। आने वाले समय में यहां दूसरी सीएम मशीन लगाने की भी योजना है, जिससे उत्पादन क्षमता में और वृद्धि होगी।

### प्रतिस्पर्धा से बढ़ेगी उत्पादन क्षमता

महाप्रबंधक बी.के. जेना ने कहा कि सोहागपुर क्षेत्र में आरएमएस और जेएमएस जैसी निजी कंपनियां कार्य कर रही हैं, जिससे उत्पादन को लेकर सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माहौल बना है। इससे उत्पादन और उत्पादकता दोनों में वृद्धि होगी और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### सुरक्षा सर्वोपरिः शांतनु सरकार

रेसर्जेंट माइनिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (आरएमएस) के प्रतिनिधि शांतनु सरकार ने कहा कि दामिनी माइंस को एक मिलियन टन उत्पादन क्षमता वाली खदान बनाने के लिए कंपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि उत्पादन महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी सुरक्षा है। प्रत्येक कर्मचारी सुरक्षित घर लौटे, यह हमारा संकल्प है। कंपनी निर्धारित लक्ष्य से अधिक उत्पादन देने का प्रयास करेगी।
बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित
कार्यक्रम में सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जेना, जीएम (ऑपरेशन) मनीष श्रीवास्तव, बंगवार-दामिनी के उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह, राजेंद्र-खैरहा भूमिगत माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक बी. हरी बाबू, दामिनी माइंस के खान प्रबंधक राजेश खंपारिया, बंगवार भूमिगत माइंस के खान प्रबंधक डी.आर. कुर्रे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।
मेहनत और समन्वय से संभव हुआ कार्य
दामिनी माइंस में सीएम मशीन की स्थापना और उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में बंगवार-दामिनी के उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह तथा दामिनी माइंस के खान प्रबंधक राजेश खंपारिया की विशेष भूमिका रही। दोनों अधिकारियों के मार्गदर्शन, सतत निगरानी और टीमवर्क के चलते कम समय में सभी तकनीकी एवं प्रबंधन संबंधी तैयारियां पूरी की गईं। उनके नेतृत्व और मेहनत से ही दामिनी माइंस में सीएम मशीन स्थापना का कार्य गति पकड़ सका, जिसके लिए क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी उनका आभार व्यक्त किया।
कार्यक्रम के अंत में सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जेना द्वारा निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्रा तथा आरएमएस कंपनी के शांतनु सरकार को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

---



# बुढार के वरिष्ठ लाइनमैन दउआ सिंह दिल्ली में सम्मानित, टाटा पावर ने 'लाइनमैन दिवस' पर नवाजा

**बुढार। शहडोल जिले के लिए गौरव का क्षण रहा जब विद्युत वितरण केंद्र बुढार में पदस्थ वरिष्ठ लाइनमैन दउआ सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। विगत 7 मार्च को 'लाइनमैन दिवस' के उपलक्ष्य में देश की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।**
इस कार्यक्रम में देशभर के चुनिंदा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले तकनीकी कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया था। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से बुढार उप-संभाग के दउआ सिंह को उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सेवाओं के लिए मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### सम्मान में मिला प्रशस्ति पत्र और मेडल

समारोह के दौरान टाटा पावर के वरिष्ठ अधिकारियों ने दउआ सिंह को:प्रशस्ति पत्र (**Certificate of Excellence**) शील्ड (**Memento**)मेडल (**Medal**)भेंट कर उनकी सराहना की। यह सम्मान उन लाइनमैनों को दिया जाता है जो कठिन परिस्थितियों में भी विद्युत आपूर्ति बहाल रखने और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए अपनी सेवा देते हैं।

### क्षेत्र में खुशी की लहर

वरिष्ठ लाइनमैन दउआ सिंह की इस उपलब्धि पर विद्युत विभाग के अधिकारियों, उनके सहयोगियों और बुढार क्षेत्र के नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि एक जमीनी स्तर के कर्मचारी का दिल्ली जैसे मंच पर सम्मानित होना पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है।

---

# एमपी आरडीसी का दोहरापन उजागर नगर में नहीं चालू हुई हाई मास्ट लाइट

### टोल प्लाजा में दो दो हाई मास्ट लाइटों को कराया चालू



**ब्यौहारी।** मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा रीवा से टेटका तक सड़क बनाई गई है जिसके अंतर्गत नगर में दो हाई मास्ट लाइट लगाई गई है एक टंकी तिराहा में दूसरी मानपुर तिराहा में मिडवेट्रीट के पास सड़क बने सालों हो गया लेकिन आज तक यह लाइट कभी नहीं चली जबकि नगर प्रमुख स्थान है प्रमुख चौराहा में लगी हुई इसको चालू करने के लिए जब भी जीएम से तुम के द्वारा हर बार सिर्फ बहाने ही बनाए गए कभी काम नहीं किया गया कभी कहा गया कि इंजीनियर बाहर है, कभी कहा गया ट्रांसफार्मर लगेगा पैसा जमा कर दिया हूं दिसंबर में चालू हो जाएगी फिर कहां जनवरी में चालू हो जाएगी कई तरह के बहाने बनाए गए लेकिन आज तक में लाइटों को नहीं जलाया गया एक लाइट टंकी तिराहा की गिर भी गई लेकिन चालू नहीं दूसरी ओर चिपाडनाथ मंदिर के पास ग्राम पंचायत मऊ जहां एमपीआरडीसी का टोल लगा हुआ है कंपनी पैसे वसूल रही है वहां पर अपने लिए कंपनी द्वारा दो दो हाई मास्ट लाइट बराबर जल रही है इसका मतलब यह है जनता के लिए बहना और अपने लिए कोई बहाना नहीं इस तरह से एमपी आरडीसी का दोहरापन उजागर हो गया है। जनप्रतिनिधि नहीं देते ध्यान।- नगर के अंदर जो हाई मास्ट लाइट लगी हुई उसको चालू करवाने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को कोई फिक्र नहीं है ना ही कोई दिलचस्पी है की लाइटों के जलने से नगर की शोभा बढ़ेगी अब देखना यह है कि समाचार प्रकाशित होने के बाद एमपी आरडीसी कितनी गंभीरता से लेता है या फिर इस बार भी कोई बहाना बना देता है क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री से एमपीआरडीसी के जीएम के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है ।

---

## जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य की तैयारियों के संबंध में वीडियो कान्फ्रेसिंग से की गई समीक्षा





**उमरिया।** जनगणना 2027 के मकानसूचीकरण कार्य की तैयारियों के संबंध में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा संपन्न हुई। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 16 से 27 मार्च तक जिला अधिकारियों, चार्ज अधिकारियो, जनगणना लिपिक और तकनीकी सहायको के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण 15 मार्च तक मकानसूचीकरण ब्लाक का गठन करने एवं एच एल बी सी वेब मैपिंग एप्लीकेशन पर इन मकान सूचीकरण ब्लाक को चिन्हित करने, 16 से 20 मार्च तक मास्टर ट्रेनर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करने, 25 मार्च से 4 अप्रैल तक फील्ड ट्रेनर्स तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करने 1 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सभी प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करने के साथ प्रतिमाह जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उमरिया एनआईसी में उमरिया अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह,एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज,डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ मानपुर प्रत्युष श्रीवास्तव सहित तहसीलदार उपस्थित रहे।

---

# दादी ने लगवाया पोती को एचपीवी का टीका



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.चंदेल ने बताया कि बल्लू चौधरी निवासी ग्राम दुलहरा द्वारा अपनी नातिन कुमारी किरण चौधरी को सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव हेतु एचपीवी का टीका लगवाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर विकासखंड मानपुर लाया गया । उन्होंने बताया कि इस टीका से कोई डर नहीं यह टीका कैंसर जैसी घातक बीमारियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही एचपीवी का टीका की खुराक निःशुल्क एवं बेहद अनुकूल वातावरण में टीका प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा लगवाया गया है । उन्होंने बताया कि इस टीके के लिए प्राइवेट में 4000 से 5000 रुपए तक खर्च करना पड़ता है। उन्होंने समस्त ग्राम के अभिभावक से अनुरोध किया है कि सभी परिवार अपने घर के 14 वर्ष पूर्ण कर चुके एवं 15 वर्ष तीन माह तक की किशोरी बालिका को टीका लगाकर इस घातक कैंसर रोग से बचाया जा सकता है । गतिविधि के दौरान डॉ राजेंद्र माझी ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर राजेंद्र वर्मा,एएनएम सपना रानी पटेल, किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा, प्रशिक्षक पूजा पांडे, आशा कार्यकर्ता रोशनी यादव एवं साथिया पुष्पांजलि साहू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

---

# प्रत्येक शनिवार को होता है खिचड़ी प्रसाद का वितरण



**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत चुंगी नाका में स्थानीय दुकानदारों द्वारा प्रत्येक शनिवार को शाम 6 से 9 बजे तक यात्रियों , एवं आमजनों ,बेसहारा लोगों को खिचड़ी का वितरण किया जाता है स्थानीय दुकानदारों के सहयोग से कई महीनो से खिचड़ी वितरण किया जा रहा है सब्जी दुकान संचालक राहुल सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि शाम के समय जो लोग ब्यौहारी-चुंगी नाका से मझौली ,बुडवा,रीवा,गांव अन्य जगहों की ओर सफर करते हैं कई जरूरतमंद यात्रियों, बच्चों, के पास नाश्ता करने के पैसे भी नहीं रहते हैं ऐसे मे लोगों को थोड़ी सी खिचड़ी का प्रसाद मिल जाता है तो लोगों की भूख मिट जाती है और हम लोगों को पुण्य भी मिलता है इसी उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है जिसका लाभ सैकड़ो यात्रियों, राहगीरों, जरूरतमंदों को मिल रहा है नगर से लोग दुकानदारों की इस पहल की सराहना कर रहे हैं। खिचड़ी प्रसाद वितरण में सहयोगी के रूप में,संजय कुमार पाण्डेय,मनोज सिंह,आशीष गुप्ता,शिवम गुप्ता, सचिन सिंह, प्रदीप कुमार पाण्डेय, राजू गुप्ता,सोनू द्विवेदी, प्रेमदास द्विवेदी एवं अन्य दुकानदारों का सहयोग प्राप्त होता है।

## खबर संक्षेप

### आधार कार्ड में जन्मतिथि बदलना अब नहीं आसान

**राजनगर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार में जन्मतिथि बदलने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। दरअसल, आधार कार्ड में जन्मतिथि (डेट ऑफ बर्थ) को बार-बार बदलने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके तहत अब आधार में जन्मतिथि में संशोधन केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जा सकेगा। प्राधिकरण का कहना है कि किसी भी व्यक्ति की जन्मतिथि एक ही होती है। इसलिए सामान्य परिस्थितियों में इसे बदलने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। हालांकि, कई मामलों में आधार नामांकन के दौरान ऑपरेटर की त्रुटि, अनुमानित जानकारी दर्ज होने या गलत दस्तावेज देने के कारण जन्मतिथि गलत दर्ज हो जाती है। ऐसे मामलों में ही सुधार की अनुमति दी जाएगी। वह भी तब जब संबंधित व्यक्ति के पास प्रमाणित और सत्यापन योग्य दस्तावेज उपलब्ध हों। यूआईडीएआई का उद्देश्य आधार डाटाबेस की शुद्धता और विश्वसनीयता बनाए रखना है। ताकि नागरिकों की पहचान से जुड़ी जानकारी पूरी तरह सही और प्रमाणिक बनी रहे।

### वैज्ञानिक स्वभाव का महत्व विषय पर कोतमा महाविद्यालय में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता



**कोतमा।** मंगलवार को शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय कोतमा में महाविद्यालय के विज्ञान अध्ययन एवं नवाचार क्लब द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल से उत्प्रेरित एवं प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत "विकसित भारत के लिए वैज्ञानिक स्वभाव का महत्व" विषय पर विज्ञान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सुश्री कृति मरावी के पर्यवेक्षण में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने अपने निबंधों के माध्यम से वैज्ञानिक स्वभाव की आवश्यकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास तथा विकसित भारत के निर्माण में उसकी भूमिका पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम आयोजन में विज्ञान संकाय के मोहम्मद मोबीन तथा सुश्री कृति मरावी तथा विज्ञान अध्ययन एवं नवाचार क्लब के प्रभारी डॉ. बीरेन्द्र सिंह का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

### वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार का भ्रमण कार्यक्रम



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार 12 मार्च को दोपहर 12:30 बजे अनूपपुर पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात शाम 4 बजे अनूपपुर से कटनी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के अलावा अन्य को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति जारी नहीं होगी



**अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी अनूपपुर ने बताया है भारत सरकार (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय) के आदेशानुसार मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप आयात में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के अलावा किसी भी अन्य ग्राहक को वाणिज्यिक एलपीजी (थोक और पैक्ड) की आपूर्ति अगली सूचना तक जारी नहीं की जाएगी। घरेलू उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए एलपीजी वितरण में अतिरिक्त उपाय भी लागू किए गए हैं, जैसे कि पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार करना। इस कदम का उद्देश्य घबराहट में बुकिंग को रोकना और उपभोक्ताओं के बीच समान वितरण सुनिश्चित करना है।

## बदरा जनपद सीईओ के सचिव संलग्नीकरण आदेश पर उठे सवाल

# नियमों को ठेंगा?, पंचायतराज नियमों की अनदेखी का आरोप

अनूपपुर जिले में पंचायत व्यवस्था एक बार फिर विवादों में है। अनूपपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि ग्वाल द्वारा ग्राम पंचायत सचिव के संलग्नीकरण का आदेश जारी किए जाने पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि यह आदेश पंचायतराज नियमों और राज्य शासन के स्पष्ट निर्देशों के विरुद्ध जारी किया गया है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।








जनपद पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि ग्वाल द्वारा जारी सचिव के संलग्नीकरण आदेश ने प्रशासनिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत धुम्मा की सचिव सुषमा रानी को तत्काल प्रभाव से जनपद पंचायत कार्यालय अनूपपुर में संलग्न करने का आदेश जारी किया गया। यह आदेश 9 फरवरी 2026 को जारी पत्र के माध्यम से सामने आया। मामले की पृष्ठभूमि में ग्राम पंचायत धुम्मा के सरपंच द्वारा सचिव के विरुद्ध लगाए गए गंभीर आरोपों का हवाला दिया गया है। इसके आधार पर जांच दल गठित करते हुए सचिव को जनपद कार्यालय में संलग्न कर दिया गया। लेकिन जानकारों का कहना है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के नियमों के अनुसार जनपद पंचायत सीईओ या जिला पंचायत सीईओ को सचिवों के संलग्नीकरण का अधिकार नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब शासन स्तर से स्पष्ट निर्देश जारी हैं, तो फिर यह आदेश कैसे जारी कर दिया गया और क्या इस पर विभागीय कार्रवाई होगी?

### राज्य शासन के आदेश के विपरीत कार्रवाई

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल द्वारा 4 मई 2024 को जारी पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि ग्राम पंचायत सचिवों को उनके मूल कार्यालय से अलग कर अन्य कार्यालयों में संलग्न करने के संबंध में कोई नियम या दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। ऐसे में किसी भी स्तर पर सचिवों का संलग्नीकरण नियमों के विरुद्ध माना जाएगा।

### शासन ने दी थी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी

राज्य शासन द्वारा जारी पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि सचिवों के संलग्नीकरण के आदेश नियमों के विरुद्ध जारी किए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसके बावजूद जनपद स्तर पर इस तरह के आदेश जारी होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

### हाईकोर्ट भी दे चुका है निर्देश

सचिवों के संलग्नीकरण से जुड़े मामलों में उच्च न्यायालय भी कई बार इस तरह के आदेशों को विधि सम्मत नहीं मानते हुए निरस्त कर चुका है। न्यायालय ने राज्य सरकार से इस तरह की त्रुटिपूर्ण कार्यवाहियों के संबंध में जवाब भी मांगा था। इसके बावजूद यदि स्थानीय स्तर पर ऐसे आदेश जारी किए जा रहे हैं, तो यह गंभीर प्रशासनिक चूक मानी जा रही है।

### विधानसभा में भी उठ चुका है मुद्दा, अब बड़ा सवाल

मामला केवल प्रशासनिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मुद्दा विधानसभा में भी उठ चुका है। प्रहलाद सिंह पटेल ने विधानसभा में कहा था कि यदि सचिवों के संलग्नीकरण के आदेश नियमों के विरुद्ध पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इस मामले में जनपद पंचायत अनूपपुर के सीईओ रवि ग्वाल द्वारा जारी आदेश की जांच करेगा और यदि आदेश नियमों के विरुद्ध पाया गया तो क्या कार्रवाई होगी? या फिर पंचायतराज व्यवस्था में इस तरह की मनमानी आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में जब जिला पंचायत अनुपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी से उनके मोबाइल नंबर में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपना फोन रिसीव नही किया।




## सड़क दुर्घटना रोकथाम के लिए सतत किया जाए समुचित उपाय-अपर कलेक्टर

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 10 मार्च अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ब्लैक स्पॉट एवं नो-एंट्री प्वाईंट का संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार कार्य कर सड़क हादसों की संभावना को कम किया जाए। बैठक में विभिन्न ब्लैक स्पॉट की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा आगामी समय में इन स्थानों पर आवश्यक सुधार कार्य, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर सहित अन्य सुरक्षा उपाय किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान शुक्ला ढाबा, बदरा तिराहा, डूंगरिया तिराहा, हाई स्कूल बकही, पसला ढाबा के पास चचाई रोड, जोहिला घाट क्रेशर के पास सहित अन्य विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर ने अनूपपुर सहित विभिन्न नगरीय निकाय क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध यातायात, नगर पालिका एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल, जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम, यातायात प्रभारी विनोद दुबे सहित निर्माण विभाग से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## 79 दिनों से बदस्तूर जारी हाथियों का आतंक, धनगवां बीट के जंगल में डाला डेरा

### रातभर जागने को मजबूर ग्रामीण, बड़ी घटना का इंतजार कर रहे जनप्रतिनिधि और अधिकारी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में पिछले 79 दिनों से तीन हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है। जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट से लगे गांवों में हाथियों के लगातार विचरण से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। देर रात खेतों में पहुंचकर हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान दहशत और आर्थिक नुकसान दोनों झेल रहे हैं। जिले के जंगलों में पिछले करीब 79 दिनों से तीन हाथियों का समूह लगातार सक्रिय बना हुआ है। यह झुंड जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में दिन के समय विश्राम करता है और रात होते ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निकलकर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों ने इस इलाके को मानो अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। देर रात अचानक गांवों में पहुंचकर हाथी गेहूं, चना और अन्य फसलों को अपना आहार बना रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने मशाल, पटाखे और शोर मचाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन वे फिर लौट आते हैं। स्थिति यह है कि जंगल से लगे गांवों के लोग परिवार सहित रात भर जागने को मजबूर हैं। कई ग्रामीण छतों पर पहरा दे रहे हैं तो कुछ लोग आग जलाकर हाथियों को गांव से दूर रखने की कोशिश करते हैं। लगातार हो रहे नुकसान से किसानों में चिंता और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं।



### गांवों में लगातार कर रहे विचरण, फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

हाथियों का यह झुंड धनगवां बीट के जंगल से निकलकर कुकुरगोंड़ा पंचायत के सरईहा टोला और बेल्हाटोला सहित पड़रिया पंचायत के चोई गांव के आसपास लगातार घूम रहा है। इसके अलावा भलुवान टोला, गोढ़ा टोला और पडमनिया टोला जैसे कई गांवों में हाथियों की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों ने कई किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। गोढ़ा टोला निवासी नत्थू राठौर के खेत में लगी गेहूं की फसल को हाथियों ने लगातार कई दिनों तक खाया। इसके अलावा कमलेश राठौर, सुशील राठौर और संतोष कोल के खेतों में लगी गेहूं सहित अन्य फसलों को भी हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है।

### बांध में घंटों नहाते रहे हाथी, विभाग निगरानी तक सीमित

पिछले दो दिनों में तीनों हाथी चोई गांव के पडमनिया टोला स्थित करियापानी बांध में पहुंचे और कई घंटों तक पानी में तैरते और नहाते रहे। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की गतिविधियां अब नियमित हो गई हैं और वे हर रात अलग-अलग गांवों में पहुंच जाते हैं। हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक मिश्र सहित वनरक्षक और सुरक्षा कर्मी ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि अब तक हाथियों को जिले से बाहर भेजने में सफलता नहीं मिल पाई है।

### रातभर जागकर पहरा दे रहे ग्रामीण

हाथियों के डर से कई गांवों के लोग रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। कुछ लोग घरों की छतों पर बैठकर निगरानी कर रहे हैं तो कई ग्रामीण आग जलाकर हाथियों को गांव से दूर रखने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हाथियों का यह झुंड क्षेत्र से बाहर नहीं जाता, तब तक उनकी परेशानी खत्म होने वाली नहीं है।

## सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिक से अधिक खाते खुलवाए जांए-कलेक्टर श्री पंचोली

# सभी अधिकारी अपने प्रभार के गांव के विद्यालयों में निभाएं सहभागिता

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर बालिकाओं के नाम से खाते खुलवाए जाएं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को योजना की जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक परिवार इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी 10 वर्ष से कम आयु की बेटियों के नाम पर सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर इस योजना का लाभ लें। कलेक्टर श्री पंचोली ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र से 01 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी अधिकारी अपने-अपने प्रभार वाले गांवों में विद्यालयों में पहुंचकर प्रवेशोत्सव में सहभागिता सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा पुस्तक वितरण सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से की जांए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में एक बार फिर विशेष अभियान चलाकर सेचुरेशन मोड में कार्य किया जाए, ताकि 70 वर्ष से अधिक आयु के वे व्यक्ति, जिनके आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाए हैं, उन्हें योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि कई लोगों को आधार कार्ड में त्रुटियों के कारण आयुष्मान कार्ड बनवाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार कर आधार सुधार के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जांए। इसके लिए उन्होंने जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि आधार सुधार के बाद पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा सकें। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रकरणों का निराकरण शिकायतकर्ता से स्वयं दूरभाष पर चर्चा कर सुनिश्चित किया जाए, ताकि समस्याओं का संतोषजनक समाधान हो सके। कलेक्टर श्री पंचोली ने निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण नॉट अटेंडेड न रहे तथा सभी शिकायतों पर विधिवत और सटीक जवाब दर्ज किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समय सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण कर शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की जाए।

कलेक्टर ने बैठक में पशुपालन, मत्स्य, खनिज, महिला एवं बाल विकास, श्रम, जनजातीय कार्य, राजस्व, खाद्य तथा उद्यानिकी विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा टी. आर. नाग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी सतीश कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



### सशक्त नारी-सुरक्षित नारी का संदेश

## बनगंवा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर बनगंवा (राजनगर) में महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते एवं परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा गांजू के मार्गदर्शन में तथा सेक्टर पर्यवेक्षक बीनू द्विवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं के साथ "सशक्त नारी-सुरक्षित नारी" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें महिलाओं को उनके अधिकारों, सामाजिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी दी गई। आशा एवं एएनएम की उपस्थिति में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा उन्हें पोषण और संतुलित आहार के बारे में आवश्यक सलाह दी गई। कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर भी जागरूकता फैलाते हुए 18 वर्ष से कम आयु में विवाह न करने के लिए बालिकाओं और उनके अभिभावकों को प्रेरित किया गया। साथ ही बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जागरूक उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने तथा समाज में समान लिंगानुपात की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। नवजात बालिकाओं की माताओं को पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित माताओं ने कहा कि बेटियों का जन्म उनके लिए गर्व और खुशी की बात है तथा वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाकर उन्हें आगे बढ़ाना चाहती हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक बीनू द्विवेदी ने किशोरियों एवं महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और समाज में सशक्त भूमिका निभाने का संदेश देता है। इस कार्यक्रम में महिलाएं, किशोरियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, एएनएम एवं क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।